(ख) निपटाये गये अधिकांश मामले किस प्रकार के थे ;

(ग) क्या यह सच है कि प्राधिकरण के समक्ष आये सभी मामलों का निपटान नहीं किया जा सका ; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) से (घ) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

938. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड में क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और इन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया जा सका :

(ख) उक्त कम्पनी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में असफल रहने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार इन लक्ष्यों की प्राप्ति में असफल रहने के लिये उक्त कम्पनी के प्रबंधक वर्ग को जिम्मेदार मानती है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कोयला मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस० बी० गनेंगोड़ा : (क) माननीय सदस्य के इस संबंध में आशय कच्चे कोयले के उत्पादन के लक्ष्यों से है। पिछले 5 वर्षों का वास्तविक उत्पादन तथा उत्पादन लक्ष्यों को नीचे दिया गया है :

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लि०

(मी- टन)

वर्ष	उत्पादन लक्ष्य	वास्तविक उत्पादन	प्रतिशतता में उपलब्धि
1986-87	25.00	25.14	100.56
1987-88	27.29	27.27	99.93
1988-89	28.00	28.07	100.25
1989-90	28.00	28.61	102.18
1990-91	29.17	30.05	103.02

(ख) से (ख) प्रश्न ही नहीं उठता।